Seventeenth Loksabha

an>

Regarding providing compensation to affected people and other issues pertaining to land acquisition.

श्री अनुराग शर्मा (झांसी) : आज आपने इस खुशी के मौके पर जब भाजपा ने गुजरात में प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में और हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं की वजह से एक ऐतिहासिक जीत हासिल की है तथा इतिहास रचा गया है, मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद है।

महोदय, मैं जिस विषय को रखना चाह रहा हूं, यह विषय पूरे हिन्दुस्तान को अफेक्ट करता है और विशेष रूप से बुन्देलखण्ड को अफेक्ट करता है। बुन्देलखण्ड, जहां से मैं आता हूं, वहां हमेशा जल का अभाव रहा है। पिछले सालों की दशकों पुरानी बात है, सपा काल में कुछ डैम्स बनाने की रचना की गई थी। उसमें कुछ गड़बड़ियां हुईं, गोलमाल किया गया, जैसे उनकी प्रवृत्ति है। उसकी वजह से ये सारे डैम्स लेट होते चले गए। आदरणीय प्रधान मंत्री जी और हमारे महाराज जी की वजह से इन पर पुन: कार्य चालू किया गया। यह हुआ है कि वहां पर जो लोग थे, जब उनका एरिया सबमर्ज होने लगा, पानी घरों के अंदर आने लगा तो उन्हें 12-12, 15-15 साल बाद पुरानी दर से पैसे देने की बात की गई, जबकि ये डैम्स अब बनने जा रहे हैं। उन लोगों को पैसा पहले नहीं दिया गया, बल्कि आज बंट रहा है। जब पैसा आज बंट रहा है तो आज जमीनों के दाम बहुत बढ़ चुके हैं। इसमें कुछ लोगों का देहांत हो चुका है, कुछ लोग पलायन कर चुके हैं, कुछ परिवार बढ़ गए हैं, कुछ बच्चों की उम्र बढ़ गई है और उनकी शादियां हो गई हैं। उन लोगों में किसी को भी आज कोई भी धनराशि नहीं दी जाती है।

मैं सरकार से यह गुज़ारिश करना चाहता हूं कि विशेष रूप से लखेरी बांध, एरच बांध और पथरई बांध की जगहों पर जिन लोगों की जमीनें डूब रही हैं, उनको आज के हिसाब और आज के मानक पर पैसे देने की व्यवस्था की जाए।